कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.02.2025

विषय:- वाहन चोरी के मुकदमों में वांछित 01 नफ़र बाल अपचारी को थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, चोरी की कुल 03 अदद मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर 1- मु0अ0सं0-086/25 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट व 2- मु0अ0सं0-259/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित 01 नफ़र बाल अपचारी को आज दिनांक-05.02.2025 को समय करीब 12.55 बजे मानसिक चिकित्सालय के पीछे धोबीघाट के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। बाल अपचारी के कब्जे से व उसकी निशानदेही पर चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

1- दिनांक 01/02/2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-30.01.2025 को उनकी स्पलेन्डर मोटरसाइकिल UP65X1860 भोजुबीर स्थित एक विश्वविद्यालय के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैंट में मु0अ0सं0-086/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 मुन्ना यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

2- दिनांक 05/07/2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-04.07.2024 को सुबह उनकी पैशन प्रो गाड़ी जिसका रजि0नं0-UP65CK0311 घर के पास से अज्ञात द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैंट में मु0अ0सं0-259/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

बाल अपचारी से पूछताछ का विवरण- बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं नितिन सिंह उर्फ प्रधान तथा हर्ष सिंह के कहने पर भींड-भाड वाले क्षेत्रों खास कर की अर्दली बाजार, गिलट बाजार, पाण्डेयुपर क्षेत्र तथा चांदमारी क्षेत्र में ही वाहनों की चोरी करता हूँ तथा इन दोनों लोगों को ही गाड़ियां बेच देता हूँ और इनके द्वारा ही उक्त वाहनों को ऊँचे दामों पर बाहर बेंच दिया जाता है। आज भी मैं इस चोरी की मोटर साइकिल जिसे मैंने भोजूबीर थाना शिवपुर क्षेत्र से चुराया था को बेचने के लिये लेने आया था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मैंने धोबीघाट के पीछे भी 02 और मोटरसाइकिल बेचने के लिये छिपा कर रखी हुई हैं। जिनको बाल अपचारी की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया।

अभिरक्षा में लिए गये बाल अपचारी का विवरण- बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी/अभिरक्षा का स्थान, दिनांक व समय- मानसिक चिकित्सालय के पीछे धोबीघाट के पास से, दिनांक- 05.02.2025 को समय करीब 12.55 बजे।

बरामदगी का विवरण- चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद

1. मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस एक्सटेक रंग नेवी ब्ल्यू वाहन संख्या UP62AR1174 तथा चेचिस नम्बर MBLHA10BFFHC09300 **(संबंधित मु0अ0सं0-052/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर)**
2. मोटरसाइकिल पैशन प्रो रंग ब्लैक विथ रेड ग्रैफिक रजिस्ट्रेशन नम्बर UP65CK0311 तथा चेचिस नम्बर MBLHA10BSGHF08272 **(संबंधित मु0अ0सं0-259/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट)**
3. मोटरसाइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर रंग नेवी ब्ल्यू रजिस्ट्रेशन नम्बर UP65X1860 तथा चेचिस नम्बर 03E20F30337 **(संबंधित मु0अ0सं0-086/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट)**

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 086/25 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।
2- मु0अ0सं0 259/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।
3- मु0अ0सं0 052/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

पुलिस अभिरक्षा/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 सुरेन्द्र शुक्ल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रवेश कुमार कुन्तल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्रशि0उ0नि0 मुन्ना यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अखिलेश यादव-2 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 अखिलेश यादव-1 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 आशीष मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 नागेन्द्र चौहान थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 अतुल कुमार पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।